Paper I

D. C. Mishra

11. वापसी लाईन–जो लाईन किसी कोण से जरीब के नीचे बाएं-दाएं से जाए, उसे वापसी लाईन कहते हैं। ये दो मुस्तकील के सहारे मापी की सुविधा के लिए आगे बढ़ाकर नापी की जाती है। यह लाईन आधे से अधिक नहीं होनी चाहिए।

12. पंजा–यह निशान पाँच जरीब पूरा होने पर सरजमीन पर खोद कर बना दिया जाता है और नक्शा में भी निशान दे देते हैं।

13. दहला–वह निशान, जो दस जरीब पूरी होने पर जमीन पर खोद दिया जाता है और नक्शा में भी निशान बना देते हैं।

14. तोखा लाईन–नक्शे पर तीन सिवानी या चार सिवानी पत्थर से एक जरीब हटकर सीमा करते हुए पाँच जरीब की लाईन खींची जाती है। यह तीन सिवानी पत्थर पर एक तोखा लाईन तथा चार सिवानी पत्थर पर दो तोखा लाईन खींची जाती है।

15. मुरब्बा एवं मुरब्बा लाईन–पैमाइश के सुविधा के लिए ट्रावर्स लाईन के अंदर जो सात (7) जरीब से बारह (12) जरीब तक मौजा को टुकड़े-टुकड़े में बाँटने के लिए जो लाईन खींची जाती है, उसे मुरब्बा लाईन कहते हैं और उसका जो एक-एक टुकड़ा हो जाता है, उसे मुरब्बा कहते हैं।

16. ट्रावर्स लाईन–यह लाईन मौजे को सीमाबद्ध करने के लिए जमीन में खोदी जाती है। यह लाईन मौजे के सिवाने का नक्शा बनाने तथा फिल्ड बुक उठाने हेतु बनाया जाता है जो एक बम्बा से दूसरे बम्बा तक या एक सेहढ़ा पत्थर से दूसरे सेहढ़ा पत्थर तक खींची जाती है।

17. शिकमी लाईन–मुरब्बा के अंदर पैमाइश की सुविधा के लिए जो लाईन तीन-तीन जरीब पर पैमाइश के वास्ते खींची जाती है, उसे शिकमी लाइन कहते हैं।

18. ओतर लाईन–यह तीन-तीन जरीब पर एक कोण से दूसरे कोण तक यानी तिरछी लाईन मुरब्बा लाईन के अंदर चलाकर मापी जाती है।

19. कैंची लाईन–ट्रावर्स लाईन के बाहर 2½ जरीब से अधिक जमीन छूटने पर ट्रावर्स लाईन पर दो कटान के जरिये एक तीसरे स्थान कायम कर उसे मिलाकर जो लाईन चलाया जाता है, उसे कैंची लाईन कहते हैं।

20. पेटा या परदा लाईन–किसी मौजे से एक सीमा से दूसरे सीमा तक मुरब्बा तरासों के सुविधा के लिए जो लाईन खींची जाती है, उसे पेटा या परदा लाईन कहा जाता है।

21. पैन शीट लाईन–जिस मौजा का नक्शा एक से अनेक शीट पर तैयार किया गया हो, उसे मार्जीन कहते हैं।

22. मार्जिन लाईन–जिस मौजे का नक्श एक शीट (चादर) पर नहीं बन सकता यानि उसे कई शीटों पर बनाया जाता है। उन शीटों को अलग करने या मिलाने वाली लाईन को मार्जिन लाईन कहते हैं।

23. टाई लाईन–लाईन मुस्तिकल को किसी त्रिभुज-चतुर्भुज ट्रावर्स के शुरू एवं अंतिम लाईन को मिलाती है। उसे टाई लाईन कहा जाता है।

24. चेक या पड़ताल लाईन–जो लाई मुरब्बा के अंदर की नापी का चेक करने हेतु एक कोण से दूसरे कोण तक खींची जाती है, उसे पड़ताल या चेक लाईन कहते हैं।

●